(i) **Printed Pages: 2** **Roll No. ..............................**

(ii) **Questions : 6** **Sub. Code : 0 5 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 6**

**B.A./B.Sc. (General) 6th Semester**

**1059**

# HINDI

**Paper–Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

**नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें :—
   - (i) साहित्य और मूल्यधर्मिता।
   - (ii) स्वच्छ भारत अभियान।
   - (iii) नई कविता।
   - (iv) नारी : दशा और दिशा।
   - (v) इलेक्ट्रोनिक मीडिया और हिन्दी।
   - (vi) पर्यावरण एवं प्रदूषण।
   - (vii) समाचार-पत्र की लेखन-विधि।
   - (viii) क्रान्तिकारी कबीर। 20

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **एक** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या करें :—

   (i) आधी रात का वक्त होगा। मेहमान खाना खाकर जा चुके थे। माँ दीवार से सटकर बैठी आँखें फाड़े दीवार को देखे जा रही

थीं। घर के वातावरण में तनाव ढ़ीला पड़ चुका था। मुहल्ले की निस्तब्धता शामनाथ के घर पर छा चुकी थी। केवल रसोई में प्लेटों के खनकने की आवाज़ आ रही थी।

(ii) आज भी जब कोई रंगीन कपड़ों के प्रति विरक्ति के सम्बन्ध में कौतुक भरा प्रश्न कर बैठता है, तो वह अतीत फिर वर्तमान होने लगता है। कोई किस प्रकार समझे कि रंगीन कपड़ों में जो मुख धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगता है, वह कितना करुण और कितना मुरझाया हुआ है। कभी-कभी तो वह मुख मेरे सामने आने वाले सभी करुण क्लांत मुखों में प्रतिबिम्बित होकर मुझे उसके साथ एक अटूट बंधन में बाँध देता है। 6

(ख) 'आँसुओं की होली' कहानी के माध्यम से लेखक क्या सन्देश देना चाहता है, युक्ति-युक्त उत्तर दें।

**अथवा**

'सदाचार का तावीज़' व्यंग्य किस तरह भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने में सहायक सिद्ध हो सकता है, स्पष्ट करें। 10

3. किन्हीं **दो** विधाओं के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालें :—

उपन्यास, निबन्ध, रेखाचित्र, कहानी। 2×12=24

4. निम्नलिखित छन्दों में से किन्हीं **तीन** के लक्षण सोदाहरण लिखें :—

दोहा, चौपाई, हरिगीतिका, द्रुतविलम्बित, सोरठा। 3×5=15

5. देवनागरी लिपि की विकास यात्रा पर लेख लिखें।

**अथवा**

देवनागरी लिपि के गुण-एवं दोषों का विवेचन करें। 10

6. नए शोरूम के उद्घाटन का निमन्त्रण-पत्र तैयार करें।

**अथवा**

खाद्य सामग्री पर दस प्रतिशत छूट के विज्ञापन का प्रारूप बनाएं। 5